वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़
सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 166/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-07.05.2025

### आजमगढ़ पुलिस/प्रशासन एवं सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन

माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, जनपद आजमगढ़ में कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 07-05-2025 को आजमगढ़ पुलिस/प्रशासन तथा सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में श्रीमान मण्डलायुक्त श्री विवेक कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमढ़ श्री सुनील कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना उपस्थित रहें। अभ्यास में पुलिस विभाग के साथ-साथ प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी, सिविल डिफेंस, आपूर्ति विभाग एवं अन्य सहयोगी एजेंसियों ने भाग लिया।

**मुख्य उद्देश्य: अपरिहार्य/आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं जागरूकता बढ़ाना।**

**प्रमुख बिंदु:**

1. मॉक ड्रिल रिजर्व पुलिस लाइन्स आजमगढ़ में आयोजित की गई।
2. मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की सक्रियता प्रदर्शित की गई।
3. यह अभ्यास पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से किया गया। नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।
4. मॉक ड्रिल के दौरान सामान्य जनजीवन प्रभावित न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया।
5. मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपात स्थिति में संसाधनों की तैयारी का परीक्षण करना है।

**अनुरोध:**

आजमगढ़ पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है तथा आपसे निवेदन करती है कि इस अभ्यास को लेकर सहयोगात्मक रवैया अपनाएं और प्रशासन के साथ मिलकर इसे सफल बनाएं।

**ब्लैकआउट के दौरान रहे सतर्क**

**क्या करें**

➡ सभी लाइटें और बिजली के उपकरण तुरंत बंद करें - घर, दुकान, वाहन, मोबाइल की फ्लैशलाइट आदि।

➡ इनवर्टर व जनरेटर बंद करें ताकि बाहरी रोशनी समाप्त हो सके।

➡ खिड़कियों व दरवाज़ों के परदे बंद करें ताकि रोशनी बाहर न दिखे।

➡ वाहन चला रहे हों तो तुरंत किनारे लगाकर बंद कर दें, हेडलाइट और इंडिकेटर बंद रखें।

➡ सभी सदस्यों को एक जगह सुरक्षित रखें - विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को।

➡ रेडियो, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें।

➡ पड़ोसियों को भी सतर्क करें, विशेषकर अकेले रह रहे लोगों को।

➡ जरूरी दवाइयाँ और टॉर्च आदि सामान पहले से तैयार रखें।

**क्या न करें**

➡ ब्लैकआउट के दौरान किसी भी प्रकार की रोशनी जलाना -मोमबत्ती, टॉर्च, लाइटर आदि।

➡ बाहर निकलकर सड़क पर घूमना या शोर मचाना।

➡ वाहन चालू रखना या उसकी लाइट जलाना।

➡ अफवाहें फैलाना या भ्रामक जानकारी शेयर करना - सोशल मीडिया पर भी नहीं।

➡ बिना आवश्यक कारण के फोन कॉल करना - आपात सेवाओं की लाइन व्यस्त न करें।

➡ किसी भी संदिग्ध वस्तु को छूना या उठाना।

➡ सामूहिक रूप से इकट्ठा होना या भीड़ लगाना।

➡ सरकारी निर्देशों की अनदेखी करना।

**आपकी सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है।**

